एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

शनिवार, 24 अक्टूबर 2026

PAGE NO 6 : BOTTOM

एसआरएमएस रिद्धिमा में थिएटर वर्कशॉप आरंभ



बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा, ए सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स में शुक्रवार को तीन दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का आगाज हुआ। कॉन्सन्ट्रेशन, इमैजिनेशन, वॉइस एंड स्पीच एंड कैरेक्टराइजेशन विषय पर आयोजित कार्यशाला में पहले दिन 42 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संचालन थिएटर आर्टिस्ट एवं निर्देशक राघव जोशी कर रहे हैं। उत्तराखंड निवासी जोशी ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), वाराणसी से अभिनय का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह फिल्मों और वेब सीरीज में भी काम कर चुके हैं। प्रतिभागियों को एकाग्रता, कल्पनाशीलता, आवाज एवं संवाद अदायगी, चरित्र निर्माण और मंच पर आत्मविश्वास बढ़ाने के गुर सिखाए जा रहे हैं। अंतिम दिन प्रतिभागी लघु नाट्य प्रस्तुति देंगे।